प्रो. जगदीश चेन्नुपति

प्रोफेसर जगदीश चेन्नुपति को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी और शिक्षा के क्षेत्र में योगदान के लिए प्रवासी भारतीय सम्मान से सम्मानित किया गया है।

आप एक प्रतिष्ठित प्रोफेसर और आस्ट्रेलियाई राष्ट्रीय विश्वविद्यालय (एएनयू) के भौतिक विज्ञान और अभियांत्रिकी शोध स्कूल में सेमीकंडक्टर ऑप्टोइलैक्ट्रोनिक्स और नैनो टैक्नोलॉजी समूह के प्रमुख हैं। आप आस्ट्रेलियाई विज्ञान अकादमी के अध्यक्ष चुने जाने वाले भारतीय मूल के सबसे पहले व्यक्ति हैं। आप इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियर्स आईएनसी (आईईईई) के अध्यक्ष के रूप में कार्य कर चुके हैं।

आपने 2016 में ऑस्ट्रेलिया का उच्चतम नागरिक सम्मान–कंपेनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ ऑस्ट्रेलिया प्राप्त किया। आपने और आपकी पत्नी ने एएनयू में शोध कार्य करने के लिए भारत के छात्रों की सहायता हेतु 'द चेन्नुपति एंड विद्या जगदीश कल्याण कोष' शुरू किया है।

Prof. Jagadish Chennupati

Prof. Jagadish Chennupati has been awarded the Pravasi Bharatiya Samman Award for his contribution in Science & Technology and Education.

Prof. Chennupati is a distinguished Professor and Head of Semiconductor Optoelectronics and Nanotechnology Group in the Research School of Physics and Engineering, Australian National University (ANU). He is the first person of Indian origin to be elected as President of the Australian Academy of Science. He has also served as the President of the Institute of Electrical and Electronics Engineers Inc (IEEE).

He received Australia's highest civilian honour 'Companion of the Order of Australia' in 2016. He, along with his wife, has started 'The Chennupati and Vidya Jagadish Endowment' for supporting Indian students in doing research in ANU.